बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में से एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों की पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी थी, जिसके आधार पर प्रकाशित RFP के आलोक में M/s ग्रामीण बाल एवं मानव विकास समिति को BSDC पुरैनी, मधेपुरा KYP code 03010019 आवंटित किया गया था।

जिला कौशल प्रबंधक से प्राप्त प्रतिवेदन की संस्था द्वारा माह जुलाई एवं सितम्बर,2018 का नामांकन लिये जाने के बावजूद संबंधित परीक्षार्थियों से परीक्षा संचालित नहीं की गयी, के आलोक में संस्था के नामांकन लिये जाने पर दिसम्बर,2018 से अस्थायी रोक लगा दी गयी है।

उक्त संबंध में बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा संस्था से स्पष्टीकरण पूछा गया था। पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में संस्था के द्वारा अपना जवाब बिहार कौशल विकास मिशन को उपलब्ध नहीं कराया गया है। फलस्वरुप संस्था को स्मार पत्र दिया गया। संस्था को स्मार पत्र दिये जाने के बावजूद संस्था के द्वारा अपना जवाब बिहार कौशल विकास मिशन को उपलब्ध नहीं कराया गया।

संस्था के उक्त कृत से स्वतः स्पष्ट है कि संस्था को इस संबंध में कुछ भी नहीं कहना है।

अतएव M/s ग्रामीण बाल एवं मानव विकास समिति को उन्हें आवंटित BSDC पुरैनी, जिला– मधेपुरा KYP code 03010019 का आवंटन स्थायी तौर पर रद्द करते हुए संस्था के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन में जमा की गयी उक्त केन्द्र से संबंधित सुरक्षित जमा राशि को जब्त किये जाने का आदेश दिया जाता है।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

(चन्द्रशेखर सिंह)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–18/2017(खण्ड–1)–723   पटना, दिनांक– 19/10/2020

प्रतिलिपि– **(1)** M/s ग्रामीण बाल एवं मानव विकास समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

(2) संबंधित जिला नियोजन पदाधिकारी/ जिला कौशल प्रबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(3) मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(4) Project Director, MKCL/Project Director,E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(5) मिशन प्रबंधक(वित्त एवं लेखा)/ सहायक निदेशक, नियोजन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(6) प्रधान सचिव सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,श्रम संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित। ।

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।